CLASS X : HINDI : Term I (Half Yearly) : 2021–22 : Marks 40

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए :- 1x10

1. गोपियों के अनुसार किसने राजनीति की शिक्षा प्राप्त कर ली है ?

   (क) कंस ने (ख) नंद ने (ग) श्रीकृष्ण ने (घ) उद्धव ने

2. छोटे से जीवन की कैसे बड़ी कथाएँ आज कहूँ इस पंक्ति से जयशंकर प्रसाद के स्वभाव के बारे में क्या पता चलता है ?

   (क) वे बड़े कवि नहीं थे
   (ख) वे बहुत विनम्र थे उनको अहंकार छू तक न गया था
   (ग) उन्होंने अभी-अभी साहित्य जगत् में कदम रखा था
   (घ) वे अपने आपको बड़ा साहित्यकार समझते थे

3. कैप्टन नेताजी की मूर्ति का चश्मा क्यों बदल दिया करता था ?

   (क) पुराना होने का कारण
   (ख) नेताजी का व्यक्तित्व आकर्षक बनाने के लिए
   (ग) पुराना चश्मा टूट जाने के कारण
   (घ) ग्राहको को पसंद आ जाने के कारण

4. फादर से बाते करके व्यक्ति कैसा महसूस करता था ?

   (क) प्रसन्नता (ख) दुख एवं करुणा
   (ग) कर्तव्य बोध तथा सुकर्म की प्रेरणा युक्त (घ) तनाव रहित

5. भोलानाथ किसको देखकर सिसकना भूल जाते थे ?

   (क) अपनी माँ को (ख) अपने पिता को (ग) अपने भाई को (घ) खेल के साथियों को

6. मकई के खेत में किनका झुंड चर रहा था ?

   (क) बकरियों का (ख) चिड़ियों का (ग) भैसों का (घ) भेड़ों का

7. वीरगाथा काल का कवि नहीं है ?

   (क) चन्दबरदाई (ख) नमदेव (ग) जगनिक (घ) मधुकर

8. हिन्दी साहित्य के आरंभिक काल को आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने क्या कहा है?

   (क) आदि काल (ख) चारण काल (ग) वीरगाथा काल (घ) सिद्ध-सामंत काल

9. दो अथवा दो से अधिक शब्दों से मिलकर बने हुए नए सार्थक शब्द को क्या कहते हैं ?

   (क) संधि (ख) समास (ग) अव्यय (घ) छंद

10. निम्न में कौन सा पद अव्ययीभाव समास है ?

    (क) ग्रहागत (ख) आचार कुशल (ग) प्रतिदिन (घ) कुमारी

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त में दीजिए :- 1x20

11. गोपियों ने योग की आवश्यकता कैसे लोगों के लिए बताई है ?
12. गोपियों को दीन-रात किंसकी रट लगी रहती है ?
13. कवि अपनी दुर्बलताओं को व्यक्त नहीं करना चाहता है क्यों ?
14. कवि अपनी जीवन कथा को बड़ी-गाथा के रूप में कहने से क्यों हिचक रहा है ?
15. कैप्टन के बारे में हालदार साहब की क्या सोच बनी थी ?

16. गद्यांश से हालदार साहब की किस विशेषता का ज्ञात होता है ?
17. लेखक को कभी-कभी लगता है कि फादर मन से संन्यासी नहीं थे ऐसा क्यों ?
18. लेखक के मन में फादर की स्मृति किस तरह रहेगी ?
19. लेखक का बचपन में किससे अधिक जुड़ाव था ?
20. भोला-नाथ को कौन-सी शरारत महँगी पड़ी ?
21. चूहों के बिल में पानी डालने से बिल से क्या निकला ?
22. विपदा के समय बालक माता के पास ही क्यों शरण लेता है ?
23. रीतिकाल को काव्य की दृष्टि से कितने भागों में वाटा गया है ?
24. हिन्दी साहित्य के इतिहास का प्रथम लेखक कौन है ?
25. वीरगाथा काल / आदिकाल का सर्वश्रेष्ठ कवि किसे माना जाता है ?
26. आदिकाल को वीरगाथा काल नाम किसने दिया ?
27. क्रियाविशेषण किसे कहते हैं ?
28. क्रियाविशेषण के कितने भेंद होते हैं ?
29. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए :
    (क) घर का भेदी लंका ढाए
    (ख) कंकाली से आटा गीला
30. समास किसे कहते हैं ?

III. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-** 2x5

31. कवि आत्मकथा लिखेन से क्यों बचना चाहता है ?
32. फादर की उपस्थिति देवदार छाया जैसी क्यों लगती थी ?
33. आपके विचार से भोलानाथ अपने साथियों को देखकर सिसकना क्यों भूल जाता है ?
34. वीरगाथा काल की प्रमुख प्रवृत्तियों का वर्णन कीजिए ।
35. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए -
    (क) आँखों पर पर्दा पड़ना।
    (ख) गागर में सागर भरना।

========